# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

### गुरुवार, दिनांक 28 फरवरी, 2008

### तारांकित प्रश्नोत्तर

एन. जी. ओ. को प्रदत्त कार्यों की पूर्णता तथा भुगतान

1. (*क्र. 905) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में साजा विकासखण्ड में किस-किस एन. जी. ओ. को वर्ष 2006-07 में क्या-क्या कार्य सौंपा गया ? (ख) एन. जी. ओ. को सौंपे गए कार्य में से कितना कार्य उनके द्वारा पूर्ण किया गया तथा कितना भुगतान किया गया ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) स्वप्निल एजुकेशन सोसायटी. मितानिनों के प्रशिक्षण अंतर्गत छठवां, सातवां एवं आठवां चरण के प्रशिक्षण. (ख) प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है. राशि रुपये 4,44,340/- (चार लाख चौवालिस हजार तीन सौ चालीस रुपये मात्र).

जिला बिलासपुर में हैंडपंप खनन का लक्ष्य

2. (*क्र. 1010) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-2007 एवं वर्ष 2007-2008 में जिला बिलासपुर में हैंडपंप खनन हेतु कितने हैंडपंप खनन का लक्ष्य है ? बिलासपुर जिले के किस-किस विकासखंड में कितने हैंडपंप का खनन किस-किस गांव में किया गया है ? (ख) प्रश्नांश (क) के वर्षों में किये गये हैंडपंप खनन के पश्चात् कितने हैंडपंपों में हैंडपंप का सेट नहीं लगाया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्ष 2006-2007 एवं वर्ष 2007-2008 में जिला-बिलासपुर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं लक्ष्य के विरुद्ध 31 जनवरी 2008 तक खनित नलकूपों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार. विकासखण्डवार खनन किये गये हैण्डपंपों का ग्रामवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार. (ख) खनित सभी सफल नलकूपों पर हैण्डपंप लगा दिये गये हैं.

कटघोरा विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत नलजल योजना के ग्राम

3. (*क्र. 531) **श्री बोधराम कंवर** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला कोरबा के किन-किन ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना प्रस्तावित है ? कृपया विकासखण्डवार लागत सहित विवरण दें ? (ख) स्पॉट सोर्स से कहां-कहां पेयजल उपलब्ध कराने की योजना है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला कोरबा में प्रस्तावित नलजल योजनाएं तथा लागत का विकासखण्डवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) स्पॉट सोर्स से पेयजल उपलब्ध कराने की वर्तमान में कोई योजना प्रस्तावित नहीं है.

---

† परिशिष्ट "एक"

सेटअप के तहत पदों की स्वीकृति

4. ( *क्र. 390) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या धमधा विधान सभा क्षेत्र में 30 बिस्तर अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिवारा में सेटअप के तहत पदों की स्वीकृति दी जा चुकी है ? यदि हां, तो कितने-कितने पद ? (ख) यदि नहीं, तो कब तक स्वीकृति दी जावेगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी हां. † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

प्रदेश में कला जत्था संस्थाओं के भुगतान में अनियमितता की जांच

5. ( *क्र. 981) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. प्रदेश में 2004-05 से 6-2-08 तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य पुराण के तहत कला जत्थाओं के माध्यम से कार्यों के लिए किस-किस कला जत्था को कितनी-कितनी राशि कब-कब भुगतान किया गया ? (ख) क्या यह सही है कि प्रश्नांश "क" में वर्णित कार्यों के भुगतान में हुई अनियमितताओं की जांच जारी है ? यदि हां, तो क्या-क्या शिकायतें थी तथा जांच कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जी हां. लोक कला जत्था स्वास्थ्य पुराण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में परिलक्षित अनियमितताओं की जांच जारी है.

रायगढ़ जिले के शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति

6. ( *क्र. 16) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य, प्रोफेसर, सहायक प्राध्यापक, लाइब्रेरियन, प्रयोगशाला स्टाफ के कितने-कितने पद रिक्त हैं ? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** ( डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ) : (क) रायगढ़ जिले के विभिन्न 07 शासकीय महाविद्यालयों में निम्न संवर्ग के पद रिक्त हैं :—

| क्रमांक | पदनाम | रिक्त |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 07 |
| 2. | प्राध्यापक | 23 |
| 3. | सहा. प्राध्यापक | 60 |
| 4. | ग्रंथपाल | 03 |
| 5. | प्रयोगशाला तकनीशियन | 06 (02 अतिशेष) |
| 6. | प्रयोगशाला परिचारक | 11 |

महाविद्यालयवार जानकारी परिशिष्ट पर ‡ संलग्न है. (ख) पद पूर्ति कब तक की जावेगी, समय-सीमा बताना संभव नहीं.

निर्मल ग्राम योजना हेतु चयनित ग्राम

7. ( *क्र. 258) **डॉ. चेतन वर्मा** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में निर्मल ग्राम योजना के तहत् किन-किन विकासखण्डों के किन-किन ग्रामों का चयन किया गया है ? योजना कब लागू की गई ? (ख) प्रश्नांश (क) अंतर्गत योजना के क्रियान्वयन हेतु नियुक्त क्रियान्वयन एजेंसी का नाम एवं पता, योजना क्रियान्वयन हेतु एजेंसी को कब-कब कितनी राशि आवंटित की गई ? कितनी राशि व्यय की गयी ? मदवार विवरण देवें ?

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन" ‡ परिशिष्ट "चार"

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) दुर्ग जिले में निर्मल ग्राम योजना के तहत् चयनित ग्राम निरंक है. निर्मल ग्राम पुरस्कार योजना वर्ष 2003-04 में भारत सरकार द्वारा लागू की गई. (ख) उत्तरांश "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में नलकूप खनन एवं हैण्डपंप मरम्मत की जानकारी

8. ( *क्र. 633) **श्री चन्द्रभान बारमते** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में अप्रैल, 2007 से जनवरी, 2008 तक कितने नलकूपों का खनन किया गया ? कितने सफल एवं असफल हैं ? (ख) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2007-08 में विशेष मरम्मत अनुरक्षण मद से कितने हैण्डपम्प की मरम्मत कितनी लागत से कराई गई ? (ग) उक्त विधान सभा क्षेत्र में नल-जल योजना के कितने ग्रामों के पाईपलाईन विस्तार के कार्य लंबित हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) 30 नलकूपों का खनन किया गया. समस्त नलकूप सफल है. (ख) विशेष मरम्मत अनुरक्षण मद/सामान्य अनुरक्षण मद के अंतर्गत 848 हैण्डपंपों का मरम्मत कार्य कराया गया जिन पर रु. 5,15,818/- लागत आई. (ग) एक ग्राम विस्तार.

निजी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल एवं कालेजों के संबंध में

9. ( *क्र. 452) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कुल कितने निजी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल तथा नर्सिंग कालेज हैं ? जिलेवार बतायें ? (ख) रायपुर जिले के किन-किन नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल व नर्सिंग कालेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 2007-2008 में कितनी-कितनी है ? (ग) उक्त संस्थाओं में शासकीय नर्सिंग स्कूल एवं शासकीय कालेजों की तुलना में कितना प्रतिशत अधिक शुल्क लिया जाता है ? क्या शासकीय नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल/कालेज से प्रशिक्षित को किसी से अधिक प्राथमिकता दी जाती है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) कुल 5 निजी नर्सिंग स्कूल तथा 10 निजी नर्सिंग कालेज. जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार. (ग) 10 प्रतिशत से 128.57 प्रतिशत तक. जी नहीं.

कोरबा जिले में चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति

10. ( *क्र. 1003) **श्री रामदयाल उइके** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के अस्पतालों में डाक्टरों के कितने पद रिक्त हैं ? (ख) रिक्त पदों की भर्ती कब तक की जावेगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) कुल 86 पद रिक्त हैं. (ख) यथासंभव शीघ्र.

राजनांदगांव में संचालित महाविद्यालय में रिक्त पदों की पूर्ति

11. ( *क्र. 916) **श्री उदय मुदलियार** : क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव शहर में संचालित शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय एवं शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में क्रमश: कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पदों के विरुद्ध वर्तमान में कितने कार्यरत हैं ? पदवार जानकारी देवें ? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जाएगी ?

---

† परिशिष्ट "पांच"

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** ( डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ) : (क) राजनांदगांव शहर में संचालित क्रमशः 03 शासकीय महाविद्यालयों में कुल स्वीकृत/कार्यरत निम्नानुसार है :—

| | स्वीकृत | कार्यरत |
|---|---|---|
| शा. दिग्वि. महा., राजनांदगांव | 94 | 78 (08 अतिशेष) |
| शा. कमलादेवी महिला महा. राजनांदगांव | 47 | 34 |
| शा. विज्ञान महा., राजनांदगांव | 26 | 21 (01 अतिशेष) |

महाविद्यालयवार एवं पदवार जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है. (ख) पद पूर्ति कब तक की जावेगी समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

डिपो होल्डर तथा मितानिनों के रिक्त पद

12. ( *क्र. 906) **श्री रवीन्द्र चौबे** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में डिपो होल्डर तथा मितानिनों की संख्या कितनी-कितनी है ? (ख) 2007-08 में (31-01-2008 तक) डिपो होल्डर एवं मितानिनों को कौन-कौन सी दवाईयां उपलब्ध करायी गयी है ? (ग) साजा विकास खण्ड में डिपो होल्डर एवं मितानिनों के कितने स्थान रिक्त हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) डिपो होल्डर की संख्या 3731 तथा मितानिनों की संख्या 5113 है. (ख) 2007-08 में (31-01-2008 तक) डिपो होल्डर एवं मितानिनों को निम्नानुसार दवाईयां उपलब्ध करायी गयी है :—

| क्रमांक | डिपो होल्डर को उपलब्ध दवाईयां | मितानिनों को उपलब्ध दवाईयां |
|---|---|---|
| 1. | ओ. आर. एस. | टेबलेट पैरासिटॉमल |
| 2. | ब्लिचिंग पावडर | सिरप पैरासिटॉमल 60 एम. एल. |
| 3. | टेबलेट क्लोरिन | टेबलेट अल्बेंडाजॉल 400 एम. जी. |
| 4. | टेबलेट क्लोरोक्विन | टेबलेट कोट्रिमेक्साजॉल |
| 5. | टेबलेट फुराजोलोडिन | सिरप कोट्रिमेक्साजॉल |
| 6. | टेबलेट मेट्रोनिडाजॉल | टेबलेट मेट्रोनिडाजॉल |
| 7. | टेबलेट मेटाक्लोरप्रोमाईड | टेबलेट एनटासिड |
| 8. | टेबलेट पैरासिटॉमल | जी. व्ही. पेंट |
| 9. | | गामा बी. एच. सी. 100 एम. एल. |
| 10. | | लेंस सेट |
| 11. | | स्प्रिट 100 एम. एल. |
| 12. | | गाज पैकेट |
| 13. | | काटन 50 ग्राम |
| 14. | | टेबलेट आयरनफोलिक एसिड स्माल |

(ग) डिपो होल्डर की रिक्त संख्या निरंक एवं मितानिनों के दो स्थान रिक्त हैं.

गोबरा-नवापारा में पेयजल योजना की स्वीकृति

13. ( *क्र. 982) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले की गोबरा-नवापारा पेयजल योजना की स्वीकृति कब एवं कितने लागत की दी गई थी ? 6-2-08 तक कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य कराए गए हैं एवं कौन-कौन से कार्य कराए जाने हेतु शेष हैं ? (ख) प्रश्नांश "क" में वर्णित योजना के अंतर्गत वर्तमान में शुद्ध पेयजल स्रोत उपलब्धता कितनी मात्रा में है एवं नगर की जनसंख्या के अनुरूप कितनी मात्रा की आवश्यकता है ?

† परिशिष्ट "छः"

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) रायपुर जिले की गोबरा-नवापारा पेयजल योजना की स्वीकृति दिनांक 04-02-1997 को रु. 200.00 लाख की दी गई थी. दिनांक 6-2-2008 तक कराए गए कार्य एवं उनकी लागत † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. सी. आई. पंपिंग मेन का कार्य मुख्य रूप से शेष है, जिसकी आज की स्थिति में आवश्यकता नहीं है. (ख) गोबरा-नवापारा में वर्तमान में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता 31.00 लाख लीटर है एवं नगर की जनसंख्या के अनुरूप 39.90 लाख लीटर की आवश्यकता है.

महासमुंद जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था

14. ( *क्र. 453 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुंद जिले के बसना, पिथौरा एवं सरायपाली विकासखंड में कितने उप स्वास्थ्य केन्द्र हैं ? इनमें से भवन विहीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या विकासखण्डवार बतावें ? (ख) वर्ष 2007-2008 में किन-किन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई ? (ग) स्वीकृत भवनों में से कार्य पूर्ण एवं निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों की संख्या विकासखण्डवार बतायें ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क)

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | उप स्वास्थ्य केन्द्र की संख्या | भवन विहीन उप स्वास्थ्य केन्द्र की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | बसना | 40 | 07 |
| 2. | पिथौरा | 47 | 12 |
| 3. | सरायपाली | 45 | 15 |
| | **कुल** | **132** | **34** |

(ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

| (ग) | क्र. | विकासखण्ड का नाम | भवन निर्माण स्वीकृत उप स्वास्थ्य केन्द्र की संख्या | कार्य पूर्ण भवनों की संख्या (विद्युत कार्य शेष) | निर्माणाधीन भवनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. | बसना | 15 | 06 | 09 |
| | 2. | पिथौरा | 15 | 03 | 12 |
| | 3. | सरायपाली | 17 | 07 | 10 |
| | | **कुल** | **47** | **16** | **31** |

हैण्डपम्प खनन की स्वीकृति

15. ( *क्र. 1005 ) **श्री रामदयाल उइके :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में वर्ष 2007-08 में दिनांक 06-02-2008 तक कितने हैण्डपम्पों की स्वीकृति की गयी है ? (ख) क्या स्वीकृत हैण्डपम्पों का खनन हो चुका है ? यदि हां, तो किन-किन स्थानों में ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) कोरबा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में दिनांक 6-2-2008 तक कुल 399 हैण्डपंप स्वीकृत किये गये. (ख) स्वीकृत हैण्डपम्पों में 201 नलकूपों का खनन हो चुका है. ग्रामवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार.

----------

† परिशिष्ट "सात" †† परिशिष्ट "आठ"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 531) के भाग (क) की जानकारी ]

**विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला कोरबा में प्रस्तावित नलजल योजनाएं तथा लागत का विकासखण्डवार विवरण :—**

| क्र. | विधान सभा क्षेत्र | ग्राम का नाम | विकासखण्ड | योजना लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | कटघोरा | भिलाई बाजार नलजल प्रदाय योजना | कटघोरा | 24.89 |
| 2. | कटघोरा | रंजना नलजल प्रदाय योजना | कटघोरा | 24.80 |
| 3. | कटघोरा | जवाली आवर्धन जल प्रदाय योजना | कटघोरा | 19.75 |
| 4. | कटघोरा | हरदीबाजार आवर्धन जल प्रदाय योजना | पाली | 24.96 |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 390) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्रमांक (1) | स्वास्थ्य केंद्र का नाम (2) | स्वीकृत पद का नाम (3) | स्वीकृत पद संख्या (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धमधा | खण्ड चिकित्सा अधिकारी | 1 |
| 2. | | विशेषज्ञ मेडिसीन/सर्जरी/स्त्री रोग/शिशु रोग | 4 |
| 3. | | पी. जी. एम. ओ निश्चेतना | 1 |
| 4. | | नर्सिंग सिस्टर | 1 |
| 5. | | बी. ई. ई. | 1 |
| 6. | | लेखापाल/सहायक ग्रेड-2 | 1 |
| 7. | | कम्प्यूटर डाटा आपरेटर | 1 |
| 8. | | सहायक ग्रेड-3 | 1 |
| 9. | | स्टॉफ नर्स | 3 |
| 10. | | एल. एच. व्ही. | 2 |
| 11. | | पर्यवेक्षक पुरुष | 1 |
| 12. | | नॉन मेडिकल सुपरवाईजर | 1 |
| 13. | | एम. पी. डब्ल्यू. पुरुष | 1 |
| 14. | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2/स्टोर कीपर | 1 |
| 15. | | रेडियोग्राफर | 1 |
| 16. | | नेत्र सहायक | 1 |
| 17. | | ड्रेसर ग्रेड-2 | 1 |
| 18. | | वाहन चालक | 2 |
| 19. | | वार्ड ब्वाय | 1 |
| 20. | | चतुर्थ श्रेणी | 2 |
| 21. | | धोबी | 1 |
| 22. | | चौकीदार | 1 |
| 23. | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धमधा | सहायक शल्य चिकित्सक | 2 |
| 24. | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 |
| 25. | | लेब टेक्नीशियन | 1 |
| 26. | | ड्रेसर ग्रेड-1 | 1 |
| 27. | | नेत्र सहायक | 1 |
| 28. | | एम. पी. डब्ल्यू. महिला | 1 |
| 29. | | स्वीपर | 1 |
| 30. | | आया | 1 |
| 31. | | वार्ड ब्वाय/भृत्य | 1 |
| 32. | 30 बिस्तरीय अस्पताल, अहिवारा | विशेषज्ञ (चिकित्सा अधिकारी) | 4 |
| 33. | | स्टॉफ नर्स | 4 |
| 34. | | लेब टेक्नीशियन | 1 |
| 35. | | रेडियोग्राफर | 1 |
| 36. | | वाहन चालक | 1 |
| 37. | | ड्रेसर भृत्य | 1+1 |
| 38. | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 981) के भाग (क) की जानकारी ]

**वर्ष 2004-05 से 06-02-2008 तक स्वास्थ्य पुराण कला जत्था को किया गया भुगतान**

| क्रमांक | छत्तीसगढ़ लोक सेवा कला समिति धमतरी | | नव जागृति कला समिति बिलासपुर | | सुमन सौरभ रायपुर | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक (भुगतान) | राशि | दिनांक (भुगतान) | राशि | दिनांक (भुगतान) | राशि |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | 17-11-2005 | 1718840.00 | 07-01-2006 | 1972980.00 | 17-11-2005 | 1581100.00 |
| 2. | 07-01-2006 | 246380.00 | 10-02-2006 | 1753760.00 | 01-01-2005 | 1177300.00 |
| 3. | 10-02-2006 | 869120.00 | 22-06-2006 | 948660.00 | 10-02-2006 | 1649000.00 |
| 4. | 08-03-2006 | 1800320.00 | 20-10-2006 | 1843000.00 | 05-06-2006 | 1101920.00 |
| 5. | 05-06-2006 | 4574520.00 | 19-01-2007 | 4578400.00 | 22-07-2006 | 2295020.00 |
| 6. | 20-10-2006 | 3286360.00 | 26-03-2007 | 921500.00 | 20-10-2006 | 3748080.00 |
| 7. | 19-01-2007 | 1852700.00 | - | - | 19-01-2007 | 1024320.00 |
| 8. | 26-03-2007 | 2463800.00 | - | - | - | - |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 16) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | शासकीय महाविद्यालय का नाम | प्राचार्य | | | प्राध्यापक | | | सहायक प्राध्यापक | | | ग्रंथपाल | | | प्रयोग शाला तक. | | | प्रयोग शाला परि. | | | कुल पदों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) | (18) | (19) | (20) | (21) | (22) | (23) |
| | रायगढ़. | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1. | शासकीय पी. जी. महाविद्यालय, रायगढ़. | 1 | - | 1 | 2 | - | 2 | 11 | 8 | 3 | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 15 | 8 | 7 |
| 2. | स्व. किशोरी मोहन त्रिपाठी शासकीय महिला महाविद्यालय, रायगढ़. | 1 | - | 1 | 2 | - | 2 | 12 | 11 | 1 | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 | - | 17 | 13 | 4 |
| 3. | शासकीय पी. जी. किरोड़ीमल महा-विद्यालय, रायगढ़. | 1 | - | 1 | 12 | - | 12 | 43 | 33 | 10 | 1 | - | 1 | 8 | 9 | - | 8 | 3 | 5 | 73 | 45 | 28 |
| 4. | महात्मा गांधी कला एवं विज्ञान शासकीय महा-विद्यालय, खरसिया. | 1 | - | 1 | 5 | - | 5 | 18 | 5 | 13 | 1 | 1 | - | 4 | 5 | - | 4 | 4 | - | 33 | 15 | 18 |
| 5. | शासकीय महाविद्यालय, सारंगढ़. | 1 | - | 1 | 2 | - | 2 | 16 | 4 | 12 | 1 | - | 1 | 4 | 4 | - | 5 | 3 | 2 | 29 | 11 | 18 |
| 6. | शासकीय महाविद्यालय, लैलूंगा. | 1 | - | 1 | 0 | - | 0 | 12 | 0 | 12 | | - | - | 4 | 1 | 3 | 4 | - | 4 | 21 | 1 | 20 |
| 7. | शासकीय महाविद्यालय, धर्मजयगढ़. | 1 | - | 1 | 0 | - | 0 | 10 | 1 | 9 | | - | - | 3 | - | 3 | - | - | - | 14 | 1 | 13 |
| | योग | 7 | - | 7 | 23 | - | 23 | 122 | 62 | 60 | 5 | 2 | 3 | 23 | 19 | 6 | 22 | 11 | 11 | 202 | 94 | 108 |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 452) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**जिलेवार निजी नर्सिंग स्कूल की जानकारी**

| क्र. | जिले का नाम | निजी नर्सिंग स्कूल की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | धमतरी | 01 |
| 2. | रायपुर | 02 |
| 3. | दुर्ग | 01 |
| 4. | जशपुर | 01 |

**जिलेवार निजी नर्सिंग कालेज की जानकारी**

| क्र. | जिले का नाम | निजी नर्सिंग कालेज की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | धमतरी | 01 |
| 2. | रायपुर | 02 |
| 3. | दुर्ग | 06 |
| 4. | सरगुजा | 01 |

प्रपत्र "ख"

रायपुर जिले के नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल में वर्ष 2007-2008 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या—

| क्र. | नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल का नाम | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एम. एम. आई. स्कूल आफ नर्सिंग, रायपुर. | 58 |
| 2. | शासकीय स्कूल आफ नर्सिंग, रायपुर | 46 |

रायपुर जिले के नर्सिंग कालेजों में वर्ष 2007-2008 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या —

| क्र. | नर्सिंग कालेज का नाम | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | शासकीय कालेज आफ नर्सिंग, रायपुर | 136 |
| 2. | प्रेमियस कालेज आफ नर्सिंग, रायपुर | 172 |
| 3. | सृष्टि कालेज आफ नर्सिंग, रायपुर | 34 |

## परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 916) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | पदनाम | शास. दिग्विजय महा.,राजनांदगांव | | | शास. कमलादेवी महिला महा., राजनांदगांव | | | शास. विज्ञान महा., राजनांदगांव | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) |
| 1. | प्राचार्य | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 3 | 3 | - |
| 2. | प्राध्यापक | 14 | - | 14 | 2 | - | 2 | - | | - | 16 | - | 16 |
| 3. | सहायक प्राध्यापक | 45 | 41 | 4 | 22 | 14 | 8 | 7 | 4 | 3 | 74 | 59 | 15 |
| 4. | क्रीड़ा अधिकारी | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 3 | 3 | - |
| 5. | ग्रंथपाल | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 3 | 3 | - |
| 6. | रजिस्ट्रार | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | - |
| 7. | सहायक ग्रेड-1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 | 2 | - |
| 8. | सहायक ग्रेड-2 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 | - | 1 | 3 | 2 | 1 |
| 9. | सहायक ग्रेड-3 | 2 | 3 | - | 1 | 1 | - | 2 | 1 | 1 | 5 | 5 | 1 |
| 10. | प्रयोग शाला तकनीशियन | 9 | 9 | - | 5 | 5 | - | 4 | 4 | - | 18 | 18 | - |
| 11. | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 | - | - | - | 2 | - | 2 |
| 12. | प्रयोग शाला परिचारक | 9 | 5 | 4 | 5 | 3 | 2 | 4 | 3 | 1 | 18 | 11 | 7 |
| 13. | भृत्य | 3 | 3 | - | 2 | 2 | - | 2 | 2 | - | 7 | 7 | - |
| 14. | फर्राश | 2 | 2 | - | 1 | 1 | - | - | 1 | - | 3 | 4 | - |
| 15. | बुकलिफ्टर | 1 | 3 | - | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 3 | 5 | - |
| 16. | चौकीदार | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 3 | 2 | 1 |
| 17. | हास्टल सर्वेंट | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| 18. | गैसमेन | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| 19. | माली | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| 20. | स्वीपर | 1 | 2 | - | 1 | 1 | - | 1 | 1 | - | 3 | 4 | - |
| 21. | छात्रकक्ष परिचारिका | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| | योग | 94 | 78 | 24 | 47 | 34 | 13 | 26 | 21 | 6 | 167 | 133 | 43 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 982) के भाग (क) की जानकारी ]

**गोबरा नवापारा नलजल प्रदाय आवर्धन योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं दिनांक 06-02-08 तक संपादित कार्यों की जानकारी**

| क्र. | कार्य का विवरण | योजनान्तर्गत स्वीकृत मात्रा | स्वीकृत लागत (रु. लाख में) | सम्पादित कार्य | मात्रा | वास्तविक व्यय (रु. लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | प्रस्तावित योजना के सर्वे कार्य लेवलिंग, कम्पासिंग एवं सम्पूर्ण डी. पी. आर., तैयार करना तथा मिट्टी परीक्षण इत्यादि. | 01 जॉब | 0.81 | प्रस्तावित योजना के सर्वे कार्य लेवलिंग, कम्पासिंग एवं सम्पूर्ण डी. पी. आर. तैयार करना तथा मिट्टी परीक्षण इत्यादि पूर्ण. | 01 जॉब | 0.80 | - |
| 2. | निर्मित दो नग उच्चस्तरीय जलागार एवं आर. सी. सी. सम्पवेल के चारों तरफ वॉयर फैंसिंग, पहुंच मार्ग निर्माण एवं कर्मचारी आवास गृह का निर्माण कार्य. | 01 जॉब | 1.96 | निर्मित दो नग उच्चस्तरीय जलागार एवं आर. सी. सी. सम्पवेल के चारों तरफ बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं स्रोत के आसपास फेंसिंग कार्य पूर्ण. | 01 जॉब | 4.77 | - |
| 3. | **स्रोत :-** स्रोत हेतु 450/150 मि. मी. व्यास के नलकूप खनन कार्य. | 09 नग | 11.43 | स्रोत हेतु 150 मि. मी. व्यास के साधारण नलकूप खनन कार्य पूर्ण. | 15 नग | 11.06 | 15 नग नलकूप में से 9 नग सफल थे जिसमें से 2 नलकूप बाद में असफल हो गये, वर्तमान में 7 स्रोत उपलब्ध है. |
| 4. | **इंटेक :-** स्थापित नलकूपों के पास पंप हाउस का निर्माण कार्य. | 09 नग | 2.38 | स्थापित नलकूपों के पास पंप हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण. | 2 नग | 1.00 | आवश्यकता न होने के कारण शेष निर्मित नहीं किए गए. |
| 5. | **रा-वॉटर पंप :-** 150 हार्स पॉवर का सेन्ट्रीफ्यूगल पंप स्थापना. | 09 नग | 6.77 | 250 एल. पी. एम. क्षमता एवं 90 से 100 मीटर हेड के सबमर्सिबल मोटर पंप सेट मय पार्ट एवं सक्शन पाईप, पैनल बोर्ड इत्यादि सहित का स्थापना कार्य पूर्ण. | 9 नग | 6.60 | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | **रा-वॉटर कन्वेंशन** :- निम्न प्रकार के सी. आई./डी. आई. पाईपों को जोड़ने बिछाने का कार्य मय प्रदाय, पाईप एवं स्पेशल्स, मजदूरी कार्य सहित :—<br>(1) 150 मि. मी. व्यास<br>(2) 200 मि. मी. व्यास<br>(3) 250 मि. मी. व्यास | <br><br><br><br>475 मीटर<br>50 मीटर<br>325 मीटर | 9.55 | -<br>-<br>-<br>1. 150 मि. मी. व्यास ए. सी. पी. पाईप -<br>2. 100 मि. मी. व्यास जी. आई. पाईप -<br>3. 50 मि. मी. व्यास जी. आई. पाईप -<br>4. 200 मि. मी. व्यास ए. सी. पी. पाईप - (क्लास-15) | 35.00 मी.<br>418.30 मी.<br>200.00 मी.<br>700.00 मी. | 7.33 | सी. आई./डी. आई. पाईप की आवश्यकता नहीं होने से अन्य पाईप डालकर कार्य किया गया. |
| 7. | **ट्रीटमेंट** :- ब्लीचिंग क्लोरिनेटर स्थापना एवं क्लोरिनेटर रूम का निर्माण कार्य. | 1 जॉब | 0.60 | फिल्टर प्लांट पर ओजोन जनरेटर सेट की स्थापना. | 01 नग | 7.43 | - |
| 8. | उच्चस्तरीय जलागार के पास 100 कि.ली. क्षमता के आर. सी. सी. सम्पवेल एवं पंप हाउस का निर्माण कार्य. | 1 जॉब | 1.99 | आर. सी. सी. सम्पवेल 100 कि.ली. क्षमता एवं पंप हाउस निर्माण कार्य पूर्ण. | 1 जॉब | 8.64 | दूसरी टंकी के पास आवश्यकतानुसार एक अतिरिक्त सम्पवेल बनाया गया है. |
| 9. | निर्मित आर. सी. सी. सम्पवेल पर 120 हार्स पॉवर का सेन्ट्रीफ्यूगल पंप सेट का स्थापना मय सम्पूर्ण सामग्री एवं मजदूरी सहित. | 3 नग | 1.64 | होरिजेन्टल मोनो ब्लॉक पंप स्थापना कार्य | 5 नग | 6.27 | अतिरिक्त सम्पवेल के कारण 2 नग अतिरिक्त पंप स्थापित किये गये हैं. |
| 10. | **क्लियर-वॉटर कन्वेंशन** :- निम्न प्रकार के सी. आई. पाईपों को जोड़ने बिछाने का कार्य मय प्रदाय, पाईप एवं स्पेशल्स, |  | 60.13 | राईजिंगमेन पाईप लाईन में एअर, वाल्व, स्लूस वाल्व स्थापना प्रदाय सहित एवं सुधार कार्य परीक्षण इत्यादि सामग्री एवं | 1 जॉब | 13.88 | सी. आई. पंपिंग मेन की आवश्यकता न होने के कारण यह कार्य नहीं किया गया. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मजदूरी कार्य सहित :—<br>200 मि. मी. व्यास -<br>350 मि. मी. व्यास- | <br>700 मीटर<br>3500 मीटर | | मजदूरी सहित पूर्ण. | | | पूर्व से बिछी ए. सी. पाईप लाईन में आवश्यक सुधार कर उसका उपयोग किया जा रहा है इस कार्य से बची हुई राशि का उपयोग नगर पंचायत के परामर्श एवं मांग के अनुसार वितरण प्रणाली में किया गया है. |
| 11. | **उच्चस्तरीय टंकी :-** 600 कि. ली. क्षमता के 15 मीटर स्टेजिंग के आर. सी. सी. उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य. | 2 नग | 35.24 | 600 कि. ली. क्षमता के 15 मीटर स्टेजिंग के आर. सी. सी. उच्च-स्तरीय जलागार निर्माण कार्य पूर्ण. | 2 नग | 38.24 | - |
| 12. | **वितरण प्रणाली :-** प्रस्तावित योजना के अन्तर्गत जल वितरण पाईप एवं स्पेशल्स तथा ज्वाईंटिंग सामग्री का कार्य मजदूरी- | | | | | | - |
| | (1) 100 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 10. | 7850 मी. | | 100 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 15. | 5353 मीटर | | |
| | (2) 150 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 10. | 1580 मी. | 37.44 | 150 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 15. | 3947 मीटर | | |
| | (3) 200 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 10. | 3565 मी. | | 200 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 15. | 3750 मीटर | 75.63 | |
| | (4) 250 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 10. | 730 मी. | | 250 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 15. | 730 मीटर | | |
| | (5) 300 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 10. | 670 मी. | | 300 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 15. | 670 मीटर | | |
| | (6) 400 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 10. | 335 मी. | | 400 मि. मी. व्यास ए. सी. प्रेशर पाईप-क्लास 15. | 1000 मीटर | | |
| | | | | 110 मि. मी. व्यास यू. पी. व्ही. सी. पाईप-6kg/cm². | 2532 मीटर | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13. | **स्टैण्ड पोस्ट :-** वितरण नलिकाओं के विभिन्न वार्डों में स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण कार्य. | 10 नग | 0.64 | वितरण नलिकाओं के विभिन्न वार्डों में स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण कार्य पूर्ण. | 35 नग | 1.00 | – |
| 14. | **विद्युत कनेक्शन :-** स्थापित नलकूपों के पावर पंप एवं आर. सी. सी. सम्पवेल पर मोना ब्लॉक मोटर पंप के संचालन हेतु विद्युत कनेक्शन का कार्य. | 1 जॉब | 1.60 | स्थापित नलकूपों में पावर पंप हेतु विद्युत कनेक्शन कार्य पूर्ण. | 5 नग | 1.42 | – |
| 15. | **मिशलेनियस :-** योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की पाईपों एवं अन्य सामग्रियों के परिवहन का कार्य एवं मोटर पंपों को बदलना, सुधारना एवं योजना को संधारण, संचालन एवं परीक्षण इत्यादि के कार्य सहित. | 1 जॉब | 15.30 | सभी कार्य पूर्ण परीक्षण कार्य प्रगति पर | 1 जॉब | 15.00 | – |
| | | कुल रु. | 187.48 | | | 199.07 | |

# परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 453) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | उप स्वास्थ्य केंद्र का नाम जिसे भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | बसना | उप स्वास्थ्य केन्द्र, दुर्गापुर |
| 2. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, इंदरपुर |
| 3. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, उमरिया |
| 4. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, ओरेकेल |
| 5. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, रसोड़ा |
| 6. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, गढ़पटनी |
| 7. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, हबेकांटा |
| 8. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, भूकेल |
| 9. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बड़ेटेमरी |
| 10. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बड़ेढाबा |
| 11. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, गणेशपुर |
| 12. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, चिमरकेल |
| 13. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, दुलारपाली |
| 14. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बाराडोली |
| 15. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, मधुबन |
| 16. | पिथौरा | उप स्वास्थ्य केन्द्र, जम्हर |
| 17. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, कौहाकुड़ा |
| 18. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, पोंच |
| 19. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, खेड़ीगांव |
| 20. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, ठाकुरदियाखुर्द |
| 21. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बढ़ईपाली |
| 22. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, कोल्दा |
| 23. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, लारीपुर |
| 24. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, कोटगढ़ |
| 25. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, भसकरापाली |
| 26. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, भीखापाली |
| 27. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, गोपालपुर |
| 28. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, छोटेलोरम |
| 29. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बरनईदादर |
| 30. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, टेका |
| 31. | सरायपाली | उप स्वास्थ्य केन्द्र, पुटका |
| 32. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बिरकोल |
| 33. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, समदरहा |
| 34. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, मोहगांव |
| 35. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, परसदा |
| 36. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, केजूवा |
| 37. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, कुटेला |
| 38. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, पाटसेंद्री |
| 39. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, चट्टीगिरोला |
| 40. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, डुडुमचुवा |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 41. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, कोसमपाली |
| 42. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, टेमरी |
| 43. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, सिरबोड़ा |
| 44. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बांजिबहाल |
| 45. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, चाराभांटा |
| 46. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, खपरीडीह |
| 47. | | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बिलाईगढ़ |